लिख दो मेरे रोम रोम में राम

लिख दो मेरे रोम रोम में राम,
राम राम और रमा पति.....

शीश पे मेरे शिवजी लिख दो,
कानो पे कन्हैया जी
नैनो में नरसिंह लिख दो,
नाक पे नाग नथेया जी,
लिख दो मेरे रोम रोम में राम,
राम राम और रमा पति.....

होंठों पे हरी जी लिख दो,
दांतो पे दयालु राम जी,
और जीभ पे जगदीश लिख दो,
कंठ पे कमलापति राम जी,
लिख दो मेरे रोम रोम में राम,
राम राम और रमा पति.....

गला में मेरे गिरधारी लिख दो,
मुख पर मुरली वाले श्याम जी,
भुजा पे भगवान लिख दो,
हाथो पे मेरे हनुमाना जी,
लिख दो मेरे रोम रोम में राम,
राम राम और रमा पति.....

छाती पे मेरे चतुर्भुज लिख दो,
पेट पे परमेश्वर राम जी,
नाभी पे नारायण लिख दो,
जांघो पे जय सियाराम जी,
लिख दो मेरे रोम रोम में राम,
राम राम और रमा पति.....

घुटने पे गोविंदा लिख दो,
पीठ पे परमानन्द राम जी,
चोटी पे आशा गिरी लिख दो,
चरणों में लिख दो चारो धाम जी,
लिख दो मेरे रोम रोम में राम,
राम राम और रमा पति.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31005/title/likh-do-mere-rom-rom-me-ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |